1 korba-pg1_Layout 1 4/1/2025 11:22 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय में तालाबंदी कर किया धरना प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### महाराजा गुहा निषाद जयंती आज, उद्योगमंत्री होंगे शामिल

**कोरबा।** छग निषाद केंवट समाज कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार केवट भवन में मंगलवार को महाराजा गुहा निषाद जयंती एवं वार्षिकोत्सव सम्मेलन मुख्य अतिथि मंत्री लखन देवांगन एवं अध्यक्षता नेहरू राम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग के आतिथ्य में संपन्न होगी। इसके अलावा विशिष्ट आतिथ्य विधायक कुंवर सिंह निषाद, महापौर संजू देवी राजपूत, विधायक फूल सिंह राठिया, पार्षद पंकज देवांगन, सभापति नगर निगम नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड एमआर निषाद सदस्य अमृता निषाद, प्रदेश महासचिव मनोहरलाल निषाद, धनेश कैवर्त, प्रदीप कैवर्त हरिश्चन्द्र निषाद के आतिथ्य में संपन्न होगी। निषाद केवट समाज द्वारा अध्यक्ष ललित कैवर्त महासचिव किशन कुमार कैवर्त, अजीत कैवर्त, शिव शंकर कटकवार के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा झांकी रैली निकाली जावेगी कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारी किये गए हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद में भर्ती हेतु दावा आपत्ति 11 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के आंगनबाड़ी सहायिका रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर परियोजना कार्यालय चोटिया तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। जारी मूल्यांकन पत्रक पर आवेदकों से 11 अप्रैल तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिकाएं निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.30 से 5 बजे तक परियोजना कार्यालय में अपनी दावा आपत्ति जमा कर सकते है। मूल्यांकन पत्रक परियोजना नीवन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बांकीमोंगरा में दूसरे दिन भी जारी रहा विकास कार्यों का भूमिपूजन



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत कई वार्डों में अनेकों विकास कार्यों का भूमिपूजन नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्षा श्रीमती सोनी कुमारी झा सहित वार्ड के पार्षदगण व जनप्रतिनिधि के मौजूदगी में किया गया। वार्ड क्रमांक 7 जंगल साईड पटेल मोहल्ला में तूफानी घर से गोपालदास घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 7 में विशेष अग्रवाल घर से सामने तिलक राम चौहान घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 16 तिहारु चौहान घर से मुक्तिधाम तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 17 दयानंद चौधरी घर से पप्पू पोद्दार घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 17 जय स्तंभ से ओम कुर्रे घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य, वार्ड 15 राजा ठेला घर से राजेन्द्र यादव व गायत्री साहु घर होते हुए राठौर जनरल स्टोर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 15 मंगलू घर से साईं मंदिर तक सीसी रोड़ व आरसीसी नाली निर्माण कार्यों भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्षा श्रीमती सोनी कुमारी झा, पालिका के उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो विकास झा, बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा सहित बबलू डहरिया, मोहित दुबे, प्रकाश झा, मुकेश झा, प्रमोद सोना, सुरज आदि उपस्थित थे।

## एसईसीएल में 206 मिलियन टन की जगह 167.49 मिलियन टन कोयला उत्पादन

# फिर लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी एसईसीएल 39 मिलियन टन कम हुआ कोयला उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एसईसीएल कोयला उत्पादन के क्षेत्र में लगातार पिछड़ रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिए गए लक्ष्य को कंपनी हासिल नहीं कर सकी। कंपनी लक्ष्य से 39 मिलियन टन कम कोयला उत्पादन कर सकी। लगातार यह पांचवां साल है जब कंपनी अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोल इंडिया ने एसईसीएल को 206 मिलियन टन कोयला खनन का लक्ष्य दिया था। जिसके मुकाबले एसईसीएल में 167.49 मिलियन टन उत्पादन कोयला उत्पादन किया गया है।

### खास बात

- जिले में संचालित चार कोल परियोजनाओं से 163 की जगह 125 मिलियन टन कोयला उत्पादन



फाइल फोटो

एसईसीएल ने अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए वित्तीय वर्ष की पहली तारीख से अपना काम शुरु किया। हालांकि 31 मार्च तक कंपनी 167 मिलियन टन ही कोयला खनन कर सकी। यह लक्ष्य से 39 मिलियन टन कम है। उत्पादन में गिरावट का सबसे बड़ा कारण कोयला खदानों के समक्ष जमीन की संकट है। कोयला कंपनी ने अपने खदानों का समय-समय पर विस्तार किया है। इसके लिए खदान से लगे आसपास की जमीन का अधिग्रहण किया है। जिसमें सरकारी और निजी खाते की जमीन है। कोयला कंपनी को सबसे अधिक परेशानी निजी खातों की जमीन से हो रही है। अधिग्रहित जमीन को कंपनी खाली नहीं करा पा रही है। इसके पीछे खातेदारों का तर्क है कि उन्हें कंपनी ने जमीन अधिग्रहण के समय जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया है। नौकरी, पुनर्वास और मुआवजा को लेकर खदान से प्रभावित लोगों का कोयला कंपनी के साथ टकराव चल रहा है और इसका असर कोयला उत्पादन पर देखा जा रहा है। कंपनी पूरी क्षमता से कोयला खनन नहीं कर पा रही है। इसका असर यह हुआ है कि कोयला मंत्रालय की ओर से जो लक्ष्य दिया जा रहा है वह पूरा नहीं हो रहा है।

### जिले से 40 मिलियन टन कम कोयला उत्पादन

एसईसीएल के सालाना उत्पादन लक्ष्य 206 मिलियन टन में से 163.36 मिलियन टन कोयला उत्पादन का जिम्मा जिले में संचालित एसईसीएल कोयला खदानों की थी। गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा एरिया में 163.36 मिलियन टन की जगह 125.25 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा सका है। जिले में संचालित चारों एरिया से कुल 40.13 मिलियन टन कम कोयला उत्पादन किया है।

### उत्पादन के क्षेत्र में नंबर दो

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019-20 के दौरान जब एसईसीएल कोयला उत्पादन के क्षेत्र में नंबर-वन कंपनी हुआ करती थी। कंपनी अपना यह स्थान कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनियों में बरकरार नहीं रख सकी। जैसे-जैसे खनन में गिरावट आई, कंपनी का रैंक गिरता गया। वर्ष 2023-24 में एमसीएल ने उत्पादन के मामले एसईसीएल को पीछे छोड़ दिया। वर्तमान में एसईसीएल दूसरे स्थान पर है। कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एमसीएल ने एक बार फिर नंबर-वन स्थान प्राप्त किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एमसीएल ने 225 मिलियन टन के मुकाबले 225.17 मिलियन टन कोयला खनन किया है।

### कंपनीवार लक्ष्य व उत्पादन (मिलियन टन में)

| कंपनी | लक्ष्य | उत्पादन |
|---|---|---|
| बीसीसीएल | 45 | 40.5 |
| सीसीएल | 100 | 87.55 |
| ईसीएल | 54 | 52.03 |
| एमसीएल | 225 | 225.17 |
| एनसीएल | 139 | 139.00 |
| एसईसीएल | 206 | 167.49 |
| डब्ल्यूसीएल | 69 | 69.12 |
| सीआईएल | 838 | 781.06 |

### कुसमुंडा एरिया का रहा सबसे खराब प्रदर्शन

एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। कुसमुंडा खदान को इस वित्तीय वर्ष 52 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके मुकाबले कुसमुंडा एरिया ने महज 28.43 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन किया है। बात करें गेवरा मेगा प्रोजेक्ट की तो गेवरा एरिया को इस वर्ष 63 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके मुकाबले 56.3 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। इसी तरह दीपका एरिया को 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था जिसके मुकाबले 33.53 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। बात करें कोरबा एरिया की तो इस वित्तीय वर्ष कोरबा एरिया को 8.36 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। इसके मुकाबले कोरबा एरिया ने 7.26 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।

# वन विभाग में चालक भर्ती एक पद के पीछे 42 अभ्यर्थी



भर्ती प्रक्रिया के दौरान अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में भारी वाहन चालकों के लिए भर्ती प्रक्रिया की जा रही है और कोरबा वनमंडल में हल्के वाहन के लिए 1 पद, भारी वाहन चालक के लिए 3 पद सहित कुल 4 पद, इसी तरह कटघोरा वनमंडल में हल्के वाहन के लिए 2 और भारी वाहन चालक के लिए एक सहित कुल 3 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरु की गई जिसके लिए बड़े पैमाने पर बेरोजगार युवकों ने आवेदन किया है। सबसे ज्यादा कोरबा वनमंडल में 4 पदों के लिए 170 लोगों ने आवेदन किया है। जिनका ड्राइविंग टेस्ट सहित अन्य परीक्षा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। 5 दिनों तक चलने वाले इस भर्ती प्रक्रिया में वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सारी प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है।

### खास बातें

- पीजी कॉलेज के खेल मैदान आयोजित की गई ट्रेस्ट ड्राइव
- कोरबा व कटघोरा वन मंडल में हल्के व भारी वाहन चालकों की हो रही है भर्ती

उल्लेखनीय है कि जिले के वन विभाग में जहां पिछले कुछ महीने पूर्व बड़े पैमाने पर वनरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई थी। यह प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब दोनों वनमंडल में हल्के और भारी वाहन चालकों के पदों की भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई है। बताया जाता है कि कोरबा वनमंडल में कुल 4 वाहन चालकों की भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली गई थी जिसमें से 170 अभ्यर्थियों ने अपना आवेदन किया था। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 170 अभ्यर्थियों में से 85 अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए मंगलवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ग्राउंड में बुलाया गया था। 85 अभ्यर्थियों में से 60 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे जबकि 25 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वन विभाग के आला अधिकारियों की उपस्थिति में ड्राइविंग टेस्ट, मशीनरी टेस्ट सहित अन्य परीक्षा आयोजित की गई। जहां अभ्यर्थियों ने आयोजित परीक्षा में भाग लिया। बताया जाता है कि अब बुधवार को कटघोरा वनमंडल व कोरबा वनमंडल के बचे अभ्यर्थी अपना परीक्षा ⏭ शेष पेज 3 पर

# अहिरन नदी का पुल बना खतरा दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के बिलासपुर मार्ग कसनिया के पास अंग्रेजों के समय का बना पुल आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इस पुल पर कई बार दोनों ओर सुरक्षा की दृष्टिकोण से रेलिंग बनाया गया है लेकिन इस रेलिंग को या तो कुछ भारी वाहनों के द्वारा तोड़ दिया जाता है या फिर लोहे की रेलिंग होने से इन पर कबाड़ियों की नज़र पड़ने से बच नही पाता है। ऐसे में दोनों ओर रेलिंग न होने से वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। जिससे छोटे वाहन चालकों व पद यात्रियों को खतरे का डर सताते रहता है।

कटघोरा से बिलासपुर मार्ग पर कसनिया के पास अहिरन नदी पर बना यह पुल वर्षों पुराना है और इस पुल से दिन और रात सैकड़ों छोटे व भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है लेकिन इस पुल के दोनों ओर की रेलिंग बनाई तो जाती है लेकिन कुछ दिनों बाद यह रेलिंग या तो टूट जाती है या फिर आसपास के कबाड़ियों की नज़र से बच नही पाती है। ऐसे में इस पुल से गुजरने वालों को हमेशा खतरे का डर बना रहता है अभी हाल ही में इस पुल पर पुल के दोनों साइड लोहे की रेलिंग लगाई गई थी मगर मात्र कुछ दिनों पश्चात ही एक साइड के कुछ रेलिंग टूट गया या फिर कबाड़ियों की भेंट चढ़ गया रेलिंग नही होने से कई दफा छोटे वाहन इस पुलिया पर दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं।



रेलिंगविहीन पुल।

### लोक निर्माण विभाग भी नहीं दे रहा ध्यान

कटघोरा बिलासपुर मार्ग पर कसनिया के पास अहिरन नदी पर बने पुल से दिन में जिले व स्थानीय प्रशासन के उच्च अधिकारीयों का गुजरना होते रहता है और साथ में स्थानीय जनप्रतिनिधि व छत्तीसगढ़ के मंत्रियों का भी काफिला इसी पुल से होकर गुजरता है लेकिन किसी का भी इस ओर ध्यान नहीं जाता है। पुल तथा उसके बाद की सड़क की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का भी इस ओर ध्यान न देना कही न कही विभाग की निष्क्रियता को भी दर्शाता है। क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में बैठा है यह तो विभाग के अधिकारी व इंजीनियर ही जाने की इस पुल की टूटी हुई रेलिंग की सुध कब तक लेते है? यह एक प्रश्न बन कर रह गया है।

# जनदर्शन में सुनी गई शासकीय कर्मचारियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर शासकीय कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के लिए जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे ने कर्मचारियां की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागो को निराकरण हेतु प्रेषित किया । जनदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के पुरूष पर्यवेक्षक ज्ञान चंद कश्यप ने एमए समाज शास्त्र की परीक्षा में बैठने की अनुमति, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा के नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी बलराम प्रसाद साहू ने लंबित देयकों के भुगतान, ⏭ शेष पेज 3 पर



समस्या सुनते कलेक्टर।




खबर संक्षेप

### माल ढुलाई में पूर्वी रेलवे क्षेत्रीय रेलवे आगे

**बिलासपुर।** घरेलू कंटेनर की लोडिंग में 19.72 फीसदी की मजबूत वृद्धि के कारण रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में सभी वस्तुओं में 1.68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। घरेलू कंटेनरों में बोरी, हॉट रोल्ड कॉइल, सिरेमिक टाइलें, वॉल केयर पट्टी और चावल पांच प्रमुख वस्तुएं हैं। घरेलू कोयला लोडिंग में 7.4 फीसदी की वृद्धि हुई, जिससे बिजली घरो में कोयले का स्टॉक अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

### घायल छात्रा की मदद की सिविल डिफेंस ने

**बिलासपुर।** रेलवे की सिविल डिफेंस की टीम ने घायल हुई छात्रा का सहयोग करते हुए तत्काल हास्पिटल पहुंचाने का काम किया है। उसलापुर स्टेशन के समीप लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर गेट के सामने एक कॉलेज की छात्रा स्कूटी से गिरकर घायल हो गई थी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे सिविल डिफेंस स्टाफ ने सक्रियता दिखाते हुए घायल छात्रा को तत्काल निकट के अस्पताल पहुंचकर उनके परिजन को सूचित किया। वरिष्ठ मंडल अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है और समाज में मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### ई-पत्रिका का डीआरएम ने किया विमोचन

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। इसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी चंद्रभूषण एवं समिति के सभी सदस्य मोजूद थे। रेलवे के मानक कार्यसूची के अनुसार पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अक्टूबर से सितम्बर 2024 तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बिलासपुर मंडल दर्पण ई-पत्रिका के 11वें अंक का विमोचन करते हुए कहा कि सभी विभागों में राजभाषा की प्रगति संतोषजनक है। राजभाषा कार्यान्वयन का मुख्य लक्ष्य प्रेरणा एवं प्रोत्साहन है। बैठक का संचालन प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कार्मिक अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने किया।

### युवक को वाहन से कुचलने की दी धमकी

**बिलासपुर।** होली के दिन आपसी विवाद होने पर पीड़ित युवक ने रिपोर्ट नहीं लिखाई। अब हमलावर युवक उसे घर से बाहर निकलने पर वाहन से कुचलकर मार देने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, ग्राम जलसो निवासी सुमीत कुमार वर्मा पिता त्रिलोकी वर्मा 22 साल को होली के दिन 14 मार्च को गांव के गोपी वर्मा, मोनू वर्मा, प्रखर उर्फ राका वर्मा, आर्यल वर्मा, किशन वर्मा ने मारपीट करते हुए छूरी से हमला कर दिया था। वहीं घर में तोड़फोड़ कर दिया था। दहशत में घरवालों ने रिपोर्ट नहीं लिखाई थी। 31 मार्च को उक्त हमलावरों ने पीड़ित सुमीत कुमार वर्मा को घर से बाहर निकलने पर वाहन से कुचलकर मार देने की धमकी दी है। पुलिस सुमीत वर्मा की रिपोर्ट पर हमलावर युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 191, 3, 296, 324, 4, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

अब जून 2025 तक का टारगेट

परियोजना की लागत भी 37 करोड़ रुपए बढ़ गई, पचरीघाट में निर्माण कार्य सबसे ज्यादा धीमा

# अरपा में बन रहे दोनों बैराज पर काम 11 माह से बंद, 2 साल पहले ही लेट हो चुकी है परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिवघाट और पचरीघाट में बन रहे दोनों बैराजों का काम कब पूरा होगा और इसे कब शुरू किया जाएगा यह बताने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि पहले ही दो साल लेट हो चुके इस परियोजना में पिछले करीब साल भर से काम बंद है। इसकी लागत भी 37 करोड़ रुपए बढ़ गई। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जल्द काम शुरू करते हुए इसे पूरा कराया जाएगा। हालांकि पहले कहा जा रहा था कि 2023 मार्च तक प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। इसमें लाइनर और स्ट्रक्चर का काम पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं सका। जिस तरह प्रोजेक्ट का काम धीमी रफ्तार से चल रहा है इससे अभी तय डेडलाइन में प्रोजेक्ट के पूरा होने में संशय है। पचरीघाट में निर्माण कार्य सबसे ज्यादा धीमा है।

गौरतलब है कि यह परियोजना 2023 तक पूरी होनी थी, लेकिन दो साल लेट होने के बाद अब इसे जून 2025 तक पूरा करने का दावा किया जा रहा है।



परियोजना में देरी और अधूरे काम के कारण इसका रिनुवल प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें शिवघाट प्रोजेक्ट के लिए 20.17 करोड़ और पचरीघाट प्रोजेक्ट के लिए 17.42 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। अब दोनों बैराज की कुल लागत 90.90 करोड़ से बढ़कर 127.95 करोड़ रुपए हो गई है।

### भुगतान विवाद पर ठेकेदार ने काम बंद किया

अरपा बराज के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में पहले ही दो साल की देरी हो चुकी है। इसके बावजूद, अतिरिक्त कार्यों का भुगतान नहीं करने पर ठेकेदार ने 9 महीने से काम बंद कर रखा है। अब राशि की मंजूरी मिलने के बाद काम जल्द शुरू होने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार पहले शिवघाट में काम शुरू होगा, क्योंकि यहां 90 प्रतिशत कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और सिर्फ 10 प्रतिशत कार्य बाकी है। अधिकारियों के मुताबिक शिवघाट के लिए 61.56 करोड़ रुपए और पचरीघाट के लिए 66.39 करोड़ रुपए की लागत तय की गई है। इसके साथ ही अरपा के दोनों बराज के बचे हुए काम जून तक पूरे कर लिए जाएंगे।

### पचरीघाट में कई काम अधूरे पड़े

ज्ञात हो कि पचरीघाट में 278 मीटर लंबी सीसी सड़क बन रही है। इसमें फिलहाल अपस्ट्रीम में पडल फिलिंग का काम शुरू नहीं हुआ है। इसके साथ ही अपस्ट्रीम में सीसी ब्लॉक का निर्माण शेष है, जिसकी कुल लंबाई 278 मीटर है। इसके अलावा अपस्ट्रीम में टो वाल का निर्माण बाकी है तो डाउनस्ट्रीम में बंड का काम शेष है। इसके अलावा एप्रोच रोड का काम बाकी है। वियरिंग कोट का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है तो गेंट्री क्रेन का निर्माण और प्रतिस्थापना का काम बाकी है। इसके अलावा जल द्वारों के संचालन के लिए रिमोट कंट्रोल, सब स्टेशन के साथ नलकूप खनन कार्य और प्रकाश व्यवस्था का कार्य बाकी है।

### शिवघाट में टो वाल समेत कई काम अधूरे

शिवघाट में भी अपस्ट्रीम में टो वाल समेत कई काम अधूरे हैं। अपस्ट्रीम में पडल फिलिंग का काम शुरू नहीं हुआ है तो इसके साथ ही अपस्ट्रीम में सीसी ब्लॉक का निर्माण बाकी है, जिसकी कुल लंबाई 334 मीटर है। अपस्ट्रीम में टो वाल का निर्माण शेष है और डाउनस्ट्रीम में बंड का काम बाकी है। इसके साथ ही एप्रोच रोड का काम होना बाकी है। इस बैराज में वियरिंग कोट का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है तो गेंट्री क्रेन का निर्माण और प्रतिस्थापना का काम बाकी है। इसके अलावा जल द्वारों के संचालन के लिए रिमोट कंट्रोल, सब स्टेशन का काम होना शेष है।

गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा एरिया के गांवों के साथ ही दूसरे एरिया के प्रभावित भी शामिल हुए

# भू विस्थापितों ने मचाया हंगामा, एसईसीएल के मेन गेट पर तालाबंदी कर 5 घंटे तक प्रदर्शन




एसईसीएल मुख्यालय के सामने अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबित विभिन्न मांगों को लेकर एसईसीएल की सभी परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापित ग्रामीणों के द्वारा मंगलवार को एसईसीएल मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यहां ग्रामवासियों ने अपना आक्रोश जमकर जाहिर किया और मेन गेट पर तालाबंदी कर दी।

भू विस्थापितों को रोकने के लिए बेरीकेट लगाए गए थे जिन पर भी ग्रामीणों ने अपना गुस्सा उतरा। रैली निकाल कर मुख्यालय गेट पर पहुंचे ग्रामीणों ने करीब 5 घंटे तक अपना प्रदर्शन जारी रखा। इस बीच भू अर्जन के नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर आवेदन-मांगपत्र प्राप्त किया। ऊर्जाधनी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो 16 अप्रैल को सभी खदानों में व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। भूविस्थापितों ने रोजगार, मुआवजा और

- सकारात्मक पहल नहीं हुई तो 16 अप्रैल को सभी खदानों में आंदोलन का ऐलान

पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर एसईसीएल मुख्यालय का घेराव किया। इस घेराव में कोरबा जिले के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा एरिया के खदान प्रभावित गांवों के भूविस्थापितों के साथ ही दूसरे एरिया के प्रभावित भी शामिल हुए। मुख्यालय पहुंचे लोगों ने रोजगार, मुआवजे में कटौती और जमीन अर्जन के लिए खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के बाद प्रक्रिया पूरी करने में देरी के विरोध समेत अन्य मांगों को लेकर यह घेराव आंदोलन किया गया। लोगों ने कहा कि एसईसीएल उच्च न्यायालय के आदेशों को मानने से इनकार करती रही है, जिसके कारण भूविस्थापितों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आंदोलनकारियों के मुताबिक मेगा प्रोजेक्ट में बसाहट के एवज में बढ़ी दर से भुगतान किया जा रहा है और बाकी क्षेत्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता।

इन सभी मांगों पर लंबे समय से क्षेत्रवार आंदोलन चलाया जा रहा था और अब सीधे मुख्यालय के सामने आर-पार की लड़ाई के लिए ज्ञापन दिया गया है। इसके बाद सभी क्षेत्रों के कोयला खदानों को एक साथ एक दिन के लिए अनिश्चितकालीन बंद कराया जाएगा।

### ग्रामीणों की मांगों पर एक नजर

घेराव कर रहे लोगों के मुताबिक नियमों के तहत रोजगार और पुनर्वास प्रदान की जाए। हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का पालन कर 2012 से पूर्व अर्जित भूमि के एवज में छोटे खातेदारों और अर्जन के बाद जन्म लेने वालों को रोजगार दी जाए एवं रैखिक सबंध की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। कोल इण्डिया पालिसी को रद्द कर केन्द्रीय पुनर्वास नीति के तहत रोजगार और पुनर्वास दी जाए। एसईसीएल अपनी टेंडर प्रक्रियाओं में आवश्यक बदलाव के साथ यह सुनिश्चित करें कि इसमें 80 प्रतिशत तक स्थानीय भू-विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी। भूविस्थापित बेरोजगारों का कौशल उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर दिए जाएं।

### एक कंपनी एक नियम लागू हो

भू विस्थापितों ने बताया कि एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में बसाहट के एवज में राशि 10 लाख एवं प्रोत्साहन राशि 5 लाख रुपए किया गया है तथा भूविस्थापितों के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं शुरू की गईं हैं। इसके विपरीत अन्य क्षेत्रों में इसे लागू नहीं किया गया है जो गलत है। इसलिए एसईसीएल के सभी क्षेत्र में बसाहट के एवज में राशि को और बढ़ोत्तरी कर 25 लाख रुपए एवं ठेका कार्यों में भूविस्थापितों के लिए 5 लाख से बढाकर 20 लाख रुपए की स्कीम शुरू की जाए। इसे साथ ही मकान व अन्य परिसम्पतियों के मुआवजा में कटौती बंद कर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के नियम का पालन किया जाए। इसके साथ ही खनन से प्रभावित गांवों में शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार के साथ बुनयादी सुविधाएं दी जाएं तो भूविस्थापितों के लिए विभागीय अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा व स्कूलों में शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

मुनाफा कमाने का दिया झांसा

# डॉक्टर से सात लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मुनाफा कमाने का झांसा देकर डाक्टर से 7 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात किंगडम फ्लेट नम्बर 304 निवासी हेमंग अग्रवाल पिता केके अग्रवाल 39 साल पेशे से डाक्टर हैं। 11 मार्च को उनके मोबाइल में टेलीग्राम साइट पर क्लाक इंडिया द्वारा रकम लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का सुनहरा अवसर दिखाया गया। उक्त टेलीग्राम चेट के माध्यम से यह विश्वास दिलाया गया कि लगाई रकम सही तरीके से लाभ के साथ दी जाएगी। श्री अग्रवाल उक्त साइट के द्वारा बताए गए एकाउंट नम्बर पर रकम डालते गए और मुनाफा मिलता गया। उसके बाद उन्हें गोल्डन साइट में इन्वेस्ट करने से ज्यादा लाभ कमाने के सुनहरे अवसर के बारे में आनलाइन चैट के माध्यम से बताया गया। उसके बाद उन्होने अलग अलग किश्तों में उनके बताए गए बैंक खाते में 5 लाख रुपए जमा कर दिया। उसके बाद 1 लाख 71 हजार 500 रुपए जमा करने पर कमिशन मिलने की बात कही गई। उन्होंने उक्त रकम अपने मित्र अमन केडिया के एकाउंट से आरटीजीएस। इस तरह उनसे 7 लाख रुपए जमा कराया गया। 12 मार्च को क्लाक इंडिया के द्वारा उन्हें कोई रिस्पांस नहीं दिया गया, जिससे उन्हें ठगे जाने का आभास हुआ। डा. अग्रवाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318,4, 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। डा. अग्रवाल ने ठगे जाने का आभास होने पर तत्काल साइबर क्राइम पोटल नम्बर 1903 शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग अलग बैंक खातों से 5 हजार, 5 हजार, 1 लाख 49 हजार 613 होल्ड कराया गया है। इस तरह से 1 लाख 59 हजार 613 रुपए बचा लिया गया है।

### सट्टा खिलाते दो महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने सट्टा खिलाने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए पुराना पावर हाउस निवासी अन्नपूर्णा वस्त्रकार पति छोटेलाल वस्त्रकार 43 साल व अमृत बाई वस्त्रकार पिता स्व. पूनम चंद्र वस्त्रकार 54 को पकड़ लिया है। उनके पास से 980 रुपए व सट्टापट्टी जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 3 लोगों को पकड़कर स्कार्पियों, बाइक, डीजल बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- हिर्री पुलिस को मिली सफलता

लंबे समय से नेशनल हाइवे में खड़ी वाहनों से डीजल चोरी किया जा रहा था। एसपी रजनेश सिंह ने थानेदारों को गिरोह को पकड़ने का निर्देश दिया गया था। 1 अप्रैल को हिर्री पुलिस को सूचना मिली, कुछ लोग धौराभाठा में चोरी की डीजल बेचने आए हैं। टीआई अवनीश पासवान, सुरेश शर्मा, दिवाकर सिंह, शिवनारायण पाण्डेय, सूरज कुर्रे, अरविंद शर्मा, मनीष बाल्मिक, दयालू नेताम, जितेन्द्र जगन्ने मौके पर घेराबंदी करते हुए तीन लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से एक स्कार्पियों, बाइक, 6 जेरीकेन में 210 लीटर डीजल, डीजल निकालने की पाइप व अन्य सामान मिला। वहीं उसके अन्य साथी भाग निकले। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार वाहन व सामान जब्त कर लिया है।



### ग्रुप बनाकर करते थे चोरी

पुलिस के अनुसार, बलौदा बैजलपुर निवासी कृष्णा कश्यप अशोक सोनवानी, मोनू यादव, सुभाष कश्यप व पकड़े गए आरोपियों को ग्रुप बनाकर नेशनल हाइवे में खड़े गाड़ियों से डीजल चोरी करते थे। पुलिस सरगना सहित अन्य फरार आरोपियों के तलाश में जुटी हुई है।

### पकड़े गए आरोपी

- मनीष कुमार जांगड़े पिता रामलाल जांगड़े 22 साल भिलाई थाना बलौदा जांजगीर
- दीपांशु कौशिक पिता श्याम सुंदर कौशिक 26 साल डोडकीभाठा बिल्हा
- तुषार चक्रधारी पिता पिताम्बर चक्रधारी 23 साल महुआ चौक बिल्हा

# खाद्य अधिकारी के घर से जेवर व नकद पार

**बिलासपुर।** खाद्य अधिकारी के मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शांति नगर सामुदायिक भवन गार्डन निवासी रामेश्वरी जांगड़े के पति मनोज जांगड़े खाद्य विभाग में क्वालिटी इंस्पेक्टर के पद पर तिल्दा में कार्यरत हैं। 31 मार्च की रात 11 बजे खाना खाने के बाद वे सो गए थे। सुबह 5.30 बजे श्रीमती जांगड़े सोकर उठीं तो गेस्ट रूम का दरवाजा खुला मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी से 25 हजार रुपए नकद, सोने की बाली चोरी हो गई थी। बाजू के संदीप यादव के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखे तो एक युवक टार्च लेकर उनके घर के पोर्च में खड़ा दिखाई दे रहा है। उन्होंने फुटेज पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने श्रीमती जांगड़े की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बादलों ने रोकी गर्मी की रफ्तार, 2 डिग्री घटा पारा

**बिलासपुर।** 40 डिग्री के पास पहुंचते पहुंचते एक बार पर फिर से रिवर्स हो चुका है। आसमान में बादल छाने लगे हैं और इस दौरान मौसम में दो डिग्री की कमी आई है। मंगलवार को बिलासपुर जिले में 37.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में मौसम थोड़ा बदला बदला सा रह सकता है। इस दौरान आसमान में बादल छाने और तेज हवाएं चलने की घटनाएं होंगी, जिसके कारण लोगों को कुछ दिनों के लिए गर्मी से राहत मिल सकती है। मंगलवार को सुबह से ही सूरज अपने तीखे तेवर दिखाता रहा, लेकिन दोपहर के बाद अचानक मौसम बदलने लगा और आसमान पर बदल छाने लगे और देखते ही देखते शाम तक मौसम में बदलाव हो चुका था। इस दौरान लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली, लेकिन उमस जारी रही। बताया जा रहा है कि दो से तीन दिनों में यह मौसम बदला सा नजर आएगा। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और तेज हवाएं भी चल सकती हैं। वहीं प्रदेश में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी होगी।

# किराए में कार लेकर बेचने वाले फरार युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** किराये पर ली गई कारों को धोखाधड़ी से बेचने का मामला सामने आया है। कस्तूरबा नगर में रहने वाले आकाश श्रीवास्तव ने अलग-अलग लोगों से किराये पर वाहन लेकर उन्हें दूसरों के पास बेच दिया। जब वाहन मालिकों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इमलीपारा निवासी कृष्णा पटेल ने बताया कि उसकी पहचान जरहाभाठा के कस्तूरबा नगर में रहने वाले आकाश श्रीवास्तव से थी। आकाश ने उनकी कार किराये पर ली थी और कुछ समय तक किराया भी दिया, लेकिन फिर भुगतान बंद कर दिया। जब कृष्णा ने अपनी कार वापस मांगी, तो पता चला कि आकाश ने उसे किसी और को बेच दिया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आकाश ने इसी तरह कुल नौ वाहनों को किराये पर लेकर बेच दिया। अन्य पीड़ितों ने भी जब अपनी कारों की स्थिति की जानकारी ली, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद कृष्णा पटेल सहित नौ लोगों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। और उसकी तलाश में जुट गई है।

### कंपनी के मैनेजर ने सामान बेचकर हड़पे रुपए

मैग्नेटो मॉल स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी के स्टोर मैनेजर द्वारा ग्राहकों से सामान बेचकर रुपये अपने खाते में जमा करने का मामला सामने आया है।

शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार में हर माह खर्च होते हैं 8 से 9 लाख रुपए

# 30 लाख रुपए का भोजन करते हैं कानन पेंडारी के वन्यप्राणी

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू में प्रतिदिन 1 लाख रुपए से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के आहार में खर्च होता है, जिसमें मांसाहारी वन्यप्राणी टाइगर, लायन, तेंदुआ सहित अन्य वन्यप्राणी 180 किलो मटन खाते हैं। वहीं 8 से 9 लाख रुपए का आहार प्रतिमाह शाकाहारी वन्यप्राणियों को आहार देने के पीछे खर्च किया जाता है।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू का संचालन इन दिनों अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर टाइगर रिजर्व कर रही है। करीब 114.636 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले कानन पेण्डारी जू में 65 प्रजातियों के 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर, भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गोरला, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं।



### जिंदा बकरी लाते हैं कानन जू में

कानन प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार को जांच करने का आदेश मुख्यालय का रहता है। इस आदेश के तहत मटन में मुर्गा, मछली सहित जिंदा बकरे को कानन जू में लाने के बाद ही काटने का काम होता है, जिसे डाक्टर, जू कीपर और अन्य कर्मचारी चेक करने के बाद ही मांसाहारी वन्यप्राणियों को देते हैं। इसमें प्रतिदिन करीब 180 किलो मटन का आहार मांसाहारी वन्यप्राणियों उबालकर को दिया जाता है। मांसाहारी वन्यप्राणियों को छोड़कर शाकाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार में सब्जियां, घास, चना, जौफल, दूध सहित अन्य खाने-पीने के सामान होते हैं। मांसाहारी वन्यप्राणी में जहां 19 लाख रुपए और शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार में प्रतिमाह साढ़े 8 से 9 लाख रुपए की राशि खर्च की जाती है।

1 korba-pg3_Layout 1 4/1/2025 11:24 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पूर्व राजस्व मंत्री ने की विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**कोरबा।** नवनिर्मित विश्वनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पहुंचे और विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। पथरीपारा वार्ड क्र. 21 में नवनिर्मित विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव प्रतिमा का भव्य प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में जयसिंह अग्रवाल उपस्थित हुए जहां श्री अग्रवाल ने भगवान शिव प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, स्वास्थ्य, समृद्धि तथा दीर्घायु होने की कामना किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुकेश कुमार राठौर, मनीराम जांगडे, सालिक दास वैष्णव, कुंजबिहारी साहू, त्रिलोचन राठौर, जनीराम पटेल, समुंद बरेठ सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### नवधा रामायण में जिपं सदस्य ने की पूजा अर्चना



**मड़वारानी।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे के आश्रित ग्राम परसभांठा में अखंड नवधा रामायण में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सावित्री अजय कंवर क्षेत्र क्रमांक 3 पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने भगवान श्रीराम जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया इसके पश्चात ग्रामवासी द्वारा सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों का तिलक लगाकर फूल माला से एवं श्रीफल गमछा से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात अजय कंवर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 ने कहा कि आप मन इसना समय में रामायण आयोजन करा था श्री राम जी हां लंका चढ़ाई करगी रही भोले शंकर जी हां समुद्र के किनारे पूजा अर्चना चलत रहिस मां देवी जग जननी माता हा श्री भोलेनाथ के परीक्षा लेत रहिस यह कहते हुए उन्होंने समस्त ग्रामवासी एवं सभी श्रद्धालुजनों को श्री राम कथा सुना नहीं है सुनकर के एला अपन जीवन में अमल करना है कहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश कुमार साहू ,मुकेश कुमार कंवर,रोहन कंवर, जगदीश विश्वकर्मा ,परमानंद कंवर पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जरवे, भरत कंवर उप सरपंच, फिरतन विश्वकर्मा एवं ग्रामीण जन समिति के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ में कटघोरा विधायक हुए शामिल



**हरदीबाजार।** ग्राम धतूरा में चल रहे चैत नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत नवान्ह यज्ञ कथा में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल तीसरे दिन के कथा का रसपान किऐ और विधायक पटेल ने महराज जी से आशीर्वाद लेकर माता रानी से क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि की कामना किए। साथ ही उन्होंने उपस्थित भागवत प्रेमीयों से कहा कि ईश्वर अलौकिक होते हुए भी, भक्त का विश्वास है। अहम का ना भाव हो, ना मन में कोई विकार हो। ध्यान हो प्रभु मिलन का, हृदय से सच्ची पुकार हो। सब पर दया दृष्टि रहे आपकी, हर भक्त कृतार्थ हो। श्रीमद् देवी भागवत कथा 30 मार्च को कलश यात्रा से आरंभ होकर 7 अप्रैल को हवन, सहस्त्र धारा,ब्रहाण भोज, विसर्जन के साथ विश्राम होग। कथा व्यास पीठ से पं.रमाकांत शर्मा कथा श्रवण करा रहे हैं। वहीं पं.रामकुमार शर्मा ,पं.व्यास नारायण तिवारी एवं पं.लक्ष्मी प्रसाद तिवारी सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। पूजन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक एवं कथा दोपहर 3.30 से देवी इच्छा तक हो रही है। कथा के यजमान शैलेंद्र-मनीषा तिवारी, एवं गंगा-धर्मिन बाई राठौर है और इस बीच उपस्थित रघुराज उईके, छोटे लाल पटेल, प्यारे पटेल, मन्नू राठौर, शिवलाल यादव, रवि राठौर एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### डायल 112 में गूंजी किलकारी

**रायगढ़।** घरघोड़ा क्षेत्र में डायल 112 की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक गर्भवती महिला ने पुलिस वाहन में सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दिया। यह घटना तब घटी जब प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की मदद के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल ले जाते समय प्रसव की स्थिति बन गई। डायल 112 को सूचना मिली कि घरघोड़ा के उरांवपारा में रहने वाली 33 वर्षीय कमला उरांव, पत्नी मालिक राम उरांव को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस आरक्षक और चालक तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला को एम्बुलेंस में लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए। लेकिन रास्ते में दर्द बढ़ने पर हालात की गंभीरता को समझते हुए टीम ने सूझबूझ से काम लिया और पड़ोस की महिलाओं की मदद से पुलिस वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया। डिलिवरी के तुरंत बाद मां और नवजात को अस्पताल पहुंचाया गया।

## कक्षा एक में प्रवेश से पहले आंगनबाड़ी के बच्चों के बनेंगे जाति प्रमाणपत्र

# टीन-शेड वाले भवनों में संचालित स्कूलों में डीएमएफ से बनेंगे नए भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ऐसे विद्यालय भवन जो टीन-शेड में संचालित हो रहे हैं, उन सभी स्थानों में नए स्कूल भवन बनाये जाएंगे। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी को

**खास बात**

- सचिव, पटवारी, आरएईओ को मुख्यालय में निवास करने के निर्देश

निर्देशित किया है कि एक माह के भीतर विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से टीन शेड वाले विद्यालयों, जर्जर भवनों की जानकारी, किचन शेड और शौचालय की आवश्यकताओं वाले विद्यालयों की जानकारी एकत्र कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने डीएमएफ से नए भवन बनाने की बात कही है।

कलेक्टर ने प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए डेस्क-बेंच की व्यवस्था के संबंध में डीईओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के ऐसे बच्चे जो इस सत्र से कक्षा एक में जाने वाले हैं, उन विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से 16 जून तक बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ को निर्देशित किया कि वे सीडीपीओ और सुपरवाइजरो की बैठक लेकर इस कार्य के लिए लाइनअप करें और आवश्यक दस्तावेजों



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

**लंबित प्रकरणों को समय पर निराकृत करें तहसीलदार**

कलेक्टर श्री वसंत ने अटल मॉनिटरिंग डैशबोर्ड अंतर्गत प्राथमिकता वाली योजनाओं और तहसीलवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान,कृषि सहित पीएम आवास ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों, महतारी वन्दन,राजस्व,स्वामित्व योजना की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे जनपद सीईओ,सचिवों की बैठक लेकर पीएम आवास को समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्माण पूर्ण नहीं कराने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों को एक वर्ष से अधिक समय तक लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वामित्व योजना की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर सीमांकन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार,आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में उचित जांच कर प्रकरण प्रेषित करने सहित राजस्व से सम्बंधित कार्यों के समय में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

का संकलन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम को अप्रैल-मई माह से जाति प्रमाणपत्र बनाने और 16 जून से पूर्व इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने सभी पटवारियों,सचिवों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को डीएमएफ अंतर्गत कार्यों का मासिक एक्शन प्लान बनाने और सड़क,पुल, स्वास्थ्य तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता तय कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय जाँच के लंबित प्रकरणों में डीईओ को फ़ाइल पुटअप करने,एसडीएम और तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर प्रकरणों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान, व्यवन्दन, आधार अपडेशन के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईआफ़सि अंतर्गत महत्वपूर्ण विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को जाति प्रमाणपत्र के कार्य में दस्तावेज नहीं होने पर परिवार के अन्य सदस्यों के दस्तावेज या ग्रामसभा में प्रस्ताव के आधार पर प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने आंगनबाड़ी केंद्र में आंतरिक विद्युतीकरण करने, नगरीय निकाय क्षेत्र में नए आंगनबाड़ी निर्माण के संबंध में डीपीओ को निर्देशित किया कि स्थल विवाद वाले आंगनबाड़ी केंद्र का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करें और निराकरण न होने पर संबंधित तहसीलदार से समन्वय करें। उन्होंने शहरी क्षेत्र के 23 आंगनबाड़ी केंद्र भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर कोर्ट को नक्शा सुधार की जानकारी निरंतर प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालय के आदेश पर सीमांकन के प्रकरणों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे जनपदों में समितियों का गठन शीघ्र कर लेवें। उन्होंने अतिरिक्त कक्ष हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को स्टैंडर्ड स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मल्टीलेवल पार्किंग के सीमांकन, सीएसपीडीएल द्वारा माली कछार,बलसेन्धा, चैतुरगढ़ सहित दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युतीकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल में आवश्यक व्यवस्था, हरदीबाजार कॉलेज शिफ्टिंग,अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले लोगों से वसूली करने सहित विषयों पर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ कटघोरा निशांत कुमार, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज कुमार बंजारे सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## बिसाहूदास महंत की 101वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



स्व. बिसाहू दास महंत की जयंती मनाते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ की राजनीति और समाज सेवा के अग्रणी पुरुष स्वर्गीय बिसाहुदास महंत की 101वीं जयंती के अवसर पर दीपका स्थित बिसाहुदास महंत परिसर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक भव्य एवं भावनात्मक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत ने अपने संबोधन में कहा कि बाबूजी का जीवन त्याग, राजनैतिक संघर्ष, अल्प समय में उनकी उपलब्धि और सेवा का पर्याय था। उन्होंने गरीबों, किसानों और मजदूरों की आवाज को बुलंद किया और छत्तीसगढ़ को एक अलग पहचान दिलाने का सपना देखा। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करना है। प्रदेश कांग्रेस के सचिव तनवीर अहमद ने कहा कि बिसाहुदास महंत की विचारधारा और दृष्टिकोण ने छत्तीसगढ़ की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संरचना को नया स्वरूप दिया। उन्होंने बताया कि बाबूजी हमेशा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, अस्मिता और स्वायत्तता की वकालत करते रहे। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी ने बिसाहुदास महंत के प्रशासनिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा, बाबूजी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक जननायक थे। अविभाजित मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री रहते हुए उन्होंने शिक्षा, सिंचाई, ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लिए। उनकी नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

### शीतल पेय जल एवं शरबत का हुआ निःशुल्क वितरण

**कोरबा।** नवरात्रि के अवसर पर मां मड़वारानी प्रवेश मार्ग में नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल द्वारा निःशुल्क शीतल पेय जल वितरण का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन में क्लब मार्गदर्शक एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि जल ही जीवन है इसी वाक्य को आत्मसात करते हुये प्रतिवर्ष नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल द्वारा भक्तजनों के लिए शीतल पेयजल के साथ साथ शरबत वितरण की जाती है।

## नए लोगों व नई ऊर्जा को लाना पार्टी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संगठन को मजबूत करना इसे हमारी विचारधारा के साथ निकटता से जोड़ता है और इसमें नए लोगों और नई ऊर्जा को लाना पार्टी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। संगठन में हाल में हुई नव नियुक्तियां संगठनात्मक अनुभव, जमीनी स्तर पर जुड़ाव और सबसे महत्वपूर्ण पार्टी और उसकी विचारधारा के प्रति निष्ठा को दर्शाता है।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज चौहान एवं नत्थूलाल यादव कई वर्षों से पृष्ठभूमि में रहकर पार्टी की सेवा कर रहे है जो सादगी और आम कार्यकर्ताओं के जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा में ग्रामीण अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष के पद पर नवीन नियुक्ति किया गया है जिनके सम्मान में तथा कार्यकर्ताओं से



परिचय हेतु एक सम्मेलन सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, अध्यक्षता पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पुरूषोत्तम कंवर उपस्थित रहें। सभा का संचालन पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने तथा कार्यक्रम के अंत में पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रारंभ में पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान ने स्वागत उद्बोधन दिया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा में जिला अध्यक्ष द्वय का नवीन नियुक्तियों में एक स्पष्ट संकेत देखने को मिल रहा है ।

## धूमधाम से मनाया ईद मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने धूमधाम से ईद मिलन समारोह आयोजित किया। जीईटी हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें सांप्रदायिक सौहार्द्र, एकता, धैर्य, सहनशीलता और सदाचार की सीख देता है। बालको जीईटी हॉस्टल में सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और परंपरा का उत्सव मनाएं जाते हैं। कंपनी के प्रयास से सभी धर्मों के कर्मचारी एकजुट होते हैं। हॉस्टल में देश के विभिन्न जगहों से आएं कर्मचारी एकदूसरे के उत्सव में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते हैं। कंपनी ने सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देते हुए सामुदायिक भलाई के साथ ही अपनी आद्यौगिक यात्रा का अनूठा उदाहरण पेश किया



है। बालको के जीईटी हॉस्टल में युवा अधिकारियों के रहने की अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। अत्याधुनिक जिम, लाइब्रेरी और सुरक्षित पार्किंग के अलावा बेहतरीन कैंटीन है। इनडोर गेम के साथ मनोरंजन के अनेक साधन मौजूद हैं। फन एंड फिटनेस क्लब में जिम के साथ मनोरजंन के लिए टीवी के साथ-साथ इनडोर खेल चेस, टेबल टेनिस, कैरम और पूल और आदि खेलों की उचित व्यवस्था है। समय-समय पर तीज-त्यौहार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## झरनापारा में मातारानी को चढ़ाई गई चुनरी

**कोरबा।** चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में 15 ब्लॉक झरनापारा में एक भव्य आयोजन किया गया। झरनेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्गा मंदिर 15 ब्लॉक एसईसीएल मंदिर में मातारानी को चुनरी चढ़ाया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 ब्लॉक झरनापारा के निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और मातारानी की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान खीर भोग का प्रसाद वितरण किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने ग्रहण किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था बल्कि यह समुदाय के लोगों को एक साथ लाने का एक अवसर भी था। झरनेश्वर महादेव सेवा समिति के प्रयासों से यह आयोजन सफल हुआ और लोगों ने माता रानी की कृपा और आशीर्वाद की कामना की।



### मां मड़वारानी में भक्तों का लग रहा तांता



मड़वारानी। आदिशक्ति पर्वतवासिनी मां मड़वारानी दाई मंदिर पहाड़ ऊपर नवरात्रि पर मां मड़वारानी सेवा एवं जन कल्याण समिति द्वारा संचालित मंदिर में माता मड़वारानी दाई की मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्वलित कराई गई है समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया है। जिसमें घृत श्रृंगार ज्योति कलश 71, घृत ज्योति कलश 41, तेल श्रृंगार ज्योति कलश 114, तेल ज्योति कलश 572 एवं हनुमान मंदिर में तेल सिंगर कलश 16 तेल ज्योति कलश 8 कुल योग 824 मनोकामना ज्योति कलश मंदिर में प्रज्वलित हुई है जो माता मड़वारानी दाई के मंदिर पहाड़ ऊपर जगमग ज्योति कलश प्रज्वलित होकर नवरात्रि पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। माता मड़वारानी दाई की दर्शन करने प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। कल पंचमी पूजन होगा और 6 अप्रैल को सुबह ,हवन ,पूजन कन्या भोजन के पश्चात 3 बजे से ज्योति ज्वारा कलश का विसर्जन के लिए नदी पर विसर्जित लिया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सचिव विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष कन्हैया लाल कंवर व्यवस्थापक संतोष सोनी पुजारी, रूप सिंह कुमार, मनोहर, सीताराम श्रीराम बिंझवार सहित मंदिर समिति के सदस्यगण, पदाधिकारी ज्योति सेवा एवं माता करने की सेवा कार्य में लगे हुए श्रद्धालु का उपस्थित रहे।

### भव्य पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

**कोरबा।** कुसमुंडा विकास नगर क्षेत्र में चौत्र नवरात्र को धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर मां भवानी की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके साथ-साथ मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश भी विराजित होते हैं। पंडित भरत तिवारी द्वारा यहां पर प्रतिदिन सुबह और शाम मां दुर्गा की पूजा आरती की जाती है। भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां मां दुर्गा का दर्शन करने के बाद लोग मेला का भी लुप्त उठा रहे हैं। कुसमुंडा क्षेत्र के नए क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने पंडाल पहुंचकर माथा टेका और मां दुर्गा से नगरवासियों के स्वास्थ्य, सुखी और समृद्ध जीवन



की प्रार्थना करी। इस अवसर पर उनके साथ जेबीसीसीआई मेंबर आरसी मिश्रा भी उपस्थित रहे। नौ दिवसीय प्रख्यात मेले का उद्घाटन भी क्रमिक प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने किया। मंदिर के वायतो एवं जेबीसीसीआई मेंबर आरसी मिश्रा एवं सामाजिक लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर नारियल फोड़ कर मेले का शुभारंभ किया गया।

### धूमधाम के साथ मनाया जा रहा नवरात्रि

कटघोरा। नगर में चैत्र नवरात्रि के पर्व को सभी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कहीं दीप जलाये गए तो कहीं ज्योत जलाये गए। नगर में इन दिनों भक्ति आराधना की मानो गंगा बह रही हो इसी कड़ी में महागौरी मन्दिर कारखाना परिक्षेत्र कटघोरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता के मंदिर को बड़े ही भव्यता प्रदान करते हुए साज सज्जा के साथ सजाया गया है। इस मंदिर में नवरात्रि के दोनों ही पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता हैं नित्य दिन सभी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में प्रातःकाल



एव सायंकालीन के समय माता की आरती की जाती है एवं आरती पश्चात माता का प्रसाद दिया जाता है। आरती में नगर के प्रख्यात गायक उपाध्याय बन्धुओं राजू, मुकेश व इनकी टीम के द्वारा अपने सुरीली आवाजों से आरती को और भी चार चांद लगा देता है आरती के पश्चात कुछ धार्मिक भजन की प्रस्तुति भी इन गायको के द्वारा दी जाती है समिति के सभी सदस्य प्रतिदिन व्यवस्था के बनाने में लगे रहते हैं।

## एसईसीएल आवासीय कालोनियों में जगह-जगह कचरों का ढेर

# सफाई कार्यों में लापरवाही, आयुक्त ने लगाया 25 हजार का अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल क्षेत्र के द्वारा अपने आवासीय कालोनी क्षेत्रों में साफ-सफाई के प्रति घोर लापरवाही बरतने, आवासीय क्षेत्रों में सफाई कार्य न करने, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था 10 दिनों से बंद होने को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त ने एसईसीएल कोरबा पर 25 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया है, साथ ही 3 दिवस के अंदर उक्त राशि निगम कार्यालय में जमा कराने के साथ साथ क्षेत्र की सम्पूर्ण साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत उनकी अपनी विभिन्न आवासीय कालोनियाँ व आधिपत्य क्षेत्र आते हैं, जहाँ



प्रबंधन द्वारा वहाँ की साफ-सफाई व्यवस्था के प्रति घोर लापरवाही बरती जा रही है, जिसकी समय-समय शिकायत निगम को प्राप्त हो रही है। एसईसीएल प्रबंधन पर साफ-सफाई की सम्पूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की है तथा उसका कार्य क्षेत्र वल्क वेस्ट की श्रेणी में आता है, नियमानुसार आवासीय कालोनी की साफ-सफाई तथा उत्सर्जित अपशिष्ट का एकत्रीकरण संग्रहण परिवहन एवं समापन का कार्य नियमित रूप से किए जाने की जवाबदारी एसईसीएल प्रबंधन की है किन्तु की अपनी आवासीय कालोनियों व आधिपत्य क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था के प्रति यह लापरवाही नेशनल ग्रीन ट्रियूबनल के निर्देशों का उल्लंघन है, वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का भी उल्लंघन किया जा रहा है, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा प्रक्षेत्र को नोटिस जारी करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियम 15 की उपविधि 8 अनुसूची क्रमांक 4(क) के अंतर्गत 25 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया है साथ ही आयुक्त श्री पाण्डेय ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसईसीएल कोरबा प्रक्षेत्र को दिए गए नोटिस पत्र में कहा है कि 3 दिवस के अंदर वे अपने आवासीय कालोनी की सफाई व्यवस्था दुरूस्त करते हुए साफ-सफाई का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करने कहा है। हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न हुआ है, वहीं गारवेज फ्री सिटी-7 स्टार व ओडीएफ प्लस-प्लस आदि के संबंध में सर्वे का कार्य शीघ्र होना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### वन विभाग में...

देने के लिए पहुंचेंगे। जहां परीक्षार्थी ड्राइविंग टेस्ट सहित अन्य टेस्ट में शामिल होंगे इन सभी टेस्ट परीक्षा में शामिल होने के बाद जितने भी अभ्यर्थी चयनित होंगे उनको आने वाले दिनों में 2 घंटे में 15 किलोमीटर की पैदल चाल में शामिल होना पड़ेगा। इसके उपरांत वन विभाग चयनित उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करेगी।

### जनदर्शन में...

आरती देवी ने शारीरिक असमर्थता की वजह से पति को शिक्षकीय कार्य करने में हो रही परेशानियों को बताते हुए वेतन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने, जनपद पंचायत करतला ने डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पिंकी मार्य ने पारिवारिक समस्याओं का जिक्र करते हुए जिला पंचायत व जनपद पंचायत कोरबा में स्थानांतरण की मांग की है। इसी तरह जिला कार्यालय के कर्मचारियों ने वाहन स्टेंड की मांग की है जनदर्शन में अन्य कर्मचारियां ने आवेदन दिए। सभी आवेदनों के कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है की कलेक्टर अजीत वसंत ने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियां की समस्याओं की निराकरण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को शाम 4 से 5 बजे तक जनदर्शन का आयोजन कर उनकी समस्याओं को सुनने और निराकरण की पहल की है।

1 korba-pg4_Layout 1 4/1/2025 11:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विजय मंझवार बने सरपंच संघ के अध्यक्ष



**कोरबा।** जनपद कोरबा में नव निर्वाचित सरपंचों की बैठक 23 मार्च को आदिवासी शक्ति पीठ भवन में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से सरपंच संघ का गठन किया गया और विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। विजय कुमार मंझवार अध्यक्ष, अचला कंवर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दशरथ सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, भूकेश्वर सिंह पैकरा को सचिव और बुधवारो राठियाको सह-सचिव चुना गया। मालिक राम राठिया को सरपंच संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में जनपद के सरपंच ग्रामीण विकास और पंचायतों के सुचारू संचालन के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर सभी नव निर्वाचित सरपंचों ने ग्राम पंचायतों के विकास को प्राथमिकता देने और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। बैठक में जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर योजनाओं को सक्रिय रूप से लागू किया जाएगा और ग्रामीण विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### प्राचार्य डॉ. गुप्ता को रबीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से होंगे सम्मानित



**कोरबा।** इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 12 अप्रैल को हॉलिडे इन, मयूर विहार, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ. संजय गुप्ता को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया है, जो कि उनके शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान और समर्पण को दर्शाता है। सम्मान समारोह में विभिन्न शिक्षाविद, लीडर, प्रोफेशनल, इनोवेटर्स जैसे ख्यातिलब्ध व नामचीन हस्ती मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि वह ई यू मीडिया, एक उपदेश ग्रुप एवं उसकी टीम को दिल से धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने उन्हें इस योग्य समझा। श्री गुप्ता ने कहा कि मेरा जीवन का एक ही उद्देश्य है कि मैं अंतिम सांस तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता रहूंगा। विद्यालय का संचालन एवं बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु अथवा नये आवाम तलाशना निःसंदेह काफी कठिन कार्य है। परंतु मैं अपनी पूरी निष्ठा एवं लगन से इस कार्य में लगा रहुँगा।

### राजेंद्र साहू ने 56वीं बार किया रक्तदान



**कोरबा।** लोक अभियोजक राजेंद्र साहू के द्वारा नवरात्रि प्रथम दिवस माता हरसिद्धि देवी की नगरी उज्जैन के शासकीय चिकित्सालय में 56वीं बार रक्तदान किया गया। राजेन्द्र साहू लोक अभियोजक कोरबा को रक्तवीर सम्मान दिया गया। राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के लिए समाज रत्न सम्मान दिया जा चुका है। अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

### जो कार्य तीन देवता मिलकर करते हैं वो कार्य मां अकेले करती है : दयानंद



**हरदीबाजार।** ग्राम भलपहरी में चल रहा श्रीमद देवी भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को रसपान कराते हुए भागवताचार्य पं दयानंद कृष्ण ने कहा श्रृष्टि की रचना में ब्रम्हा जगत के रचनाकर्ता, विष्णु जगत के पालनकर्ता और महेश संघारकर्ता कहलाते हैं लेकिन इन तीनों का कार्य अकेली मां करती है। मां अपने गर्भ मां बालक की रचना करती है मां के गर्भ में ही पालन होता है गर्भ से बाहर आने पर मां ही बालक के दुर्गुणों बुरे कर्मों का संघार करती हैं मां को इसलिए ही प्रथम गुरु कहा गया है। देवी भागवत कथा के द्वितीय दिवस पं दयानंद कृष्ण ने हयग्रीव अवतार मधुकैटभ वध शुकदेव जन्म कथा सुनाया। कथा रोजाना शाम 4 बजे से देवी कृपा तक चल रहा है इस दौरान ग्रामीण सहित आसपास के श्रद्धालुजन कथा रसपान के लिए पहुंच रहे हैं।

## मांगे पूरी नहीं होने पर 16 अप्रैल से सभी खदानों में कामबंद हड़ताल की चेतावनी

# भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय में तालाबंदी कर किया धरना- प्रदर्शन



एसईसीएल मुख्यालय के मुख्यद्वार पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की सभी परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापितों ने रोजगार, पुनर्वास सहित अन्य मांगों को लेकर एसईसीएल

**खास बात**

- बैरिकेड को लांघकर मुख्य द्वार तक पहुंचे भूविस्थापित, प्रबंधन ने मांगों को पूरा करने दिया आश्वासन

मुख्यालय में मोर्चा खोल दिया। भूविस्थापितों बैरिकेड को तोड़ते हुए मुख्यद्वार पर पहुंचे और तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन को देखते हुए एसईसीएल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और भूविस्थापितों से ज्ञापन लेने के बाद मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं भूविस्थापितों ने चेतावनी दी है कि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो 16 अप्रैल को एसईसीएल के सभी खदानों में कामबंद हड़ताल किया जाएगा।

एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापितों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को बिलासपुर स्थित मुख्यालय में जमकर धरना प्रदर्शन किया। भूविस्थापितों के चेतावनी को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उन्हें रोकने के लिए बैरिकेड लगाए गए थे। भूविस्थापित रैली की शक्ल में एसईसीएल मुख्यालय की ओर कूच किए। इस दौरान भूविस्थापित बैरिकेड को लांघते हुए मुख्यद्वार पर पहुंचे और गेट पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। लगभग 5 घंटे तक भूवस्थापितों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच एसईसीएल भूअर्जन के नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मांगपत्र लिया। ऊर्जाधनी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो 16 अप्रैल को सभी खदानों में व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। भूविस्थापितों की मांग है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा पारित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम के तहत रोजगार और पुनर्वास प्रदान किया जाए। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश से स्पष्ट है कि वर्ष 2012 से पूर्व की भूमि अर्जन और अर्जन के बाद जन्म लेने वाले को रोजगार से वंचित नही किया जा सकता है और एसईसीएल द्वारा अब तक ऐसे भूविस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा गया है और उनके पूरी जिन्दगी को बर्बाद किया गया है अतः इस अन्यायपूर्ण नियम को शिथिल करके बिना किसी बहाना के रोजगार प्रदान किया जाए। एसईसीएल अपनी टेंडर प्रक्रियाओं में आवश्यक बदलाव के साथ यह सुनिश्चित करे कि इसमें 80 प्रतिशत तक स्थानीय भू-विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी। भूविस्थापित बेरोजगारों का कौशल उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर रोजगार के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए।

**हाईकोर्ट के फैसले का पालन करें**




उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश से स्पष्ट है कि 2012 से पूर्व की भूमि अर्जन और अर्जन के बाद जन्म लेने वाले को रोजगार से वंचित नही किया जा सकता है और एसईसीएल द्वारा अब तक ऐसे भूविस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा गया है और उनके पूरी जिन्दगी को बर्बाद किया गया है अतः इस अन्यायपूर्ण नियम को शिथिल करके बिना किसी बहाना के रोजगार प्रदान किया जाए ।

**एक कंपनी एक नियम के तहत दें सबको विस्थापन लाभ**




एक कंपनी एक नियम के तहत एस ई सी एल के सभी क्षेत्रों में बसाहट राशि (विस्थापन लाभ), सहित सभी सुविधाएँ समान रूप से प्रदान किया जाए, एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में बसाहट के एवज में राशि 10 लाख एवं प्रोत्साहन राशि 5 लाख रूपये किया गया है तथा भूविस्थापितों के लिए अनेक जनहितकारी योजना शुरू किया गया है किन्तु अन्य क्षेत्रों में इसे लागू नहीं की जा रही है जो पूर्णतः अन्याय है। अतः मांग है कि एस ई सी एल के सभी क्षेत्र में बसाहट के एवज में राशि को और बढ़ोत्तरी कर 25 लाख रूपये एवं ठेका कार्यों में भूविस्थापितों के लिए 5 लाख से बढाकर 20 लाख रूपये की स्कीम शुरू किया जाए।

## डिवाइडर के लिए हटाया जा रहा बेजाकब्जा


कार्यवाही करते पुलिस व निगम अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है

**खास बातें**

- टीपीनगर से सीएसईबी चौक के बीच बनाया जा रहा है डिवाइडर
- यातायात पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम कर रही कार्यवाही

जिसके लिए नगर निगम ने काम भी चालू कर दिया है लेकिन ट्रक चालकों द्वारा सड़क पर ही बेतरतीब तरीके से ट्रकों को खड़ा कर दिया गया है और सड़क के किनारे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कब्जा कर लिया गया है। निर्माण कार्य को देखते हुए यातायात पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने आज विशेष अभियान चलाया और सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि टीपी नगर इंदिरा स्टेडियम सीएसईबी चौक के मध्य सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर बनाने का काम नगर पालिक निगम द्वारा किया जा रहा है।

जिसके लिए सड़क खोदकर बीच में डिवाइडर लगाया जाना है जिसका काम तीव्र गति से चालू कर दिया गया है ताकि इस मार्ग से आने जाने वाले सभी लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो लेकिन भारी वाहन चालकों द्वारा बड़े पैमाने पर अपनी भारी वाहनों को खड़ा कर सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसकी वजह से यहां निर्माण काम पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था। नगर पालिका निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर मंगलवार को यातायात एएसआई मनोज राठौर व नगर पालिक निगम व यातायात की टीम ने आज विशेष अभियान चलाया और सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए वाहनों को जब्त करके वाहन संचालकों को फटकार लगाकर वाहन को हटाने की कार्यवाही की गई ताकि जल्द से जल्द से सीएसईबी चौक के बीच डिवाइडर बनाने का काम तेजी से पूरा किया जा सके और लोगों को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराई जा सके।

# पाइप लाइन फटने से कई पानी की टंकियों में सप्लाई प्रभावित, कई इलाकों में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोहड़िया क्षेत्र में घरों तक पानी सप्लाई के लिए बिछाए गए पाईपलाईन

**खास बातें**

- पाईप लाइन फटने से 25 फीट ऊंचा निकला पानी का फव्वारा
- सूचना मिलने पर मरम्मत कार्य शुरू

क्षतिग्रस्त हो गया। पाईप लाइन के फटने से पानी का फव्वारा निकलने लगा। जिससे काफी मात्रा में पानी सड़क पर बहने लगा। कई जगहों पर पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। पानी की सप्लाई रुकने से शहर के निवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

कोहड़िया मुख्य मार्ग स्थित साहू मोहल्ले में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की मुख्य पाइपलाइन में दरार आ गई। इससे करीब 25 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा निकलने लगा। पानी सड़क पर बहने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से पाइप में लीकेज की शिकायत की जा रही थी। समय पर मरम्मत न होने के कारण यह स्थिति बनी। पाईप लाइन फटने की


क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से निकलता पानी का फव्वारा।

सूचना मिलते ही निगम अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे हैं, वहीं पाइप लाइन के लीकेज के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। कोहड़िया स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक गर्मी के कारण पाईपलाईन में हवा का दबाव बढ़ गया होगा जिससे पाईप फूट गई। मरम्मत कार्य के कारण दूसरे समय शहर में होने वाली पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक यह मरम्मत का कार्य जल्द पूरा हो जाएगा और खाली रही टंकियां जल्दी ही भर दी जाएगी जिससे पानी की समस्या से आम लोगों को हो रही परेशानी से जल्द से जल्द निजात मिल सके। नगर निगम के अधिकारी राकेश मसीह ने बताया कि गर्मी के मौसम में पाइप में एयर बनता है जो पास नहीं होने के कारण लीकेज करने लगता है। कर्मचारियों को बुलाकर मरम्मत कार्य पूरा करा लिया गया है।

### राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



**कोरबा।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है। उन्होंने बंद पड़े आंगनबाड़ी निर्माण को शुरू करा कर सरकारी रकम दबाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कोरबा जनपद ग्राम नकिया के आश्रित ग्राम खम्होन में स्वीकृत आंगनबाड़ी व स्कूल का निर्माण पिछले 6 साल पूर्व में हुआ था। निर्माण कार्य के लिए 40 परसेंट अग्रिम राशि सरपंच व सचिव ने निकालकर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। जनपद से रकम निकालने के बाद भी कार्य पूर्ण न होने से नाराज कोरवा आदिवासियों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर निर्माण कार्य को शुरू कराने और रकम निकालाकर निजी उपयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्कूल निर्माण में हो रही देरी से आदिवासियों के बच्चों को शिक्षित करने की सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहा है। शिकायत करने वाले कोरवा आदिवासियों ने कहा कि समय पर स्कूल निर्माण पूर्ण न होने से बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं।

## 6 दिन से लापता युवक की नदी में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले 6 दिनों से लापता दीपका निवासी दीपक राठौर की लाश

**खास बात**

- मोरगा पुलिस चौकी के ग्राम केंदई के समीप हसदेव नदी डूब गया था युवक

मंगलवार की सुबह 9 बजे मोरगा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम केंदई स्थित हसदेव नदी में मिली है। मृतक की मोटरसायकल और जूता नदी के उपर पुल पर लावारिस हालत में पायी गई थी। फेरी लगाकर दीपक अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दीपक के द्वारा नदी में कूदकर जान देने की बात कही जा रही है। चौकी प्रभारी मंगतुराम मरकाम ने बताया कि ग्रामीणों ने जब नदी में लाश देखी तब मौके पर जाकर मृतक की शिनाख्त की गई। परिजन मौके पर पहुंच गए और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले में जांच शुरु कर दी गई है।

## पंप सहित अन्य सामान की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पसान अटल चौक निवासी राहुल अग्रवाल पिता स्व0 सजन अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि राहुल अटल चौक में हार्डवेयर दुकान का संचालन करता है तथा बालमपुर में उसकी कृषि भूमि है, जिसमें पंपहाउस बना हुआ है। 31 मार्च को बालमपुर गांव के लोगों ने सूचना दी कि बालमपुर में पंपहाउस का दरवाजा टूटा हुआ है तब राहुल ने जाकर देखा तो वहां से बोर पंप, पंप, जेट पंप, पंप स्टाटर, लकडी काटने की मशीन को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। राहुल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## भाजपा जिलाध्यक्ष की पत्रकारवार्ता

# भाजपा की जिले में ऐतिहासिक जीत, संगठन की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में जीत दर्ज की है। भाजपा ने नगर निगम कोरबा, नगर पालिका दीपिका, नगर पालिका बाकी मोगरा, नगर पंचायत पाली, नगर पंचायत छुरी में जीत हासिल कर अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत किया है। जिले के पांच जनपद कोरबा करतला पाली कटघोरा एवं पोड़ी उपरोड़ा में भी भाजपा के प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं। जिला पंचायत कोरबा के भी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।



पत्रकारवार्ता के दौरान श्री शर्मा एवं अन्य।

उक्त बातें मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कही। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती एवं अन्य विषयों पर चर्चा की। श्री शर्मा ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत रणनीति का परिणाम है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि पार्टी हमेशा जांच-परख के बाद ही नए सदस्यों को शामिल करती है। संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और जो भी पार्टी की गरिमा के विपरीत कार्य करेगा, उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने सभी विजयी प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी और आगे भी जनसेवा के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। नगर निगम कोरबा समेत जिले की अन्य निकायों व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने के पीछे भाजपा की मजबूत संगठनात्मक रणनीति और स्थानीय नेताओं की मेहनत रही। पार्टी की ओर से लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और जनता से जुड़ने का प्रयास किया गया, जिसका नतीजा इस शानदार जीत के रूप में सामने आया। इस दौरान सरईपाली खदान में कोयला लिफ्टर की हत्या के मामले में पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष को आरोपी बनाए जाने व अन्य भाजपा पदाधिकारियों पर अपराध पंजीबद्ध किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि दोषी पदाधिकारियों को संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। जिन पदाधिकारियों का अपराध में संलिप्तता पायी जाएगी उन पर प्रशासन कार्यवाही करेगी साथ ही संगठन भी कार्यवाही करेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411